प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 30.12.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ पर कल होगा भव्य आयोजन : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे शिरकत।
2. कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा– विकसित भारत– जी राम जी विधेयक करेगा मनरेगा योजना की कमियों को दूर।
3. भारत निर्वाचन आयोग ने प्रदेश में जारी विशेष गहन पुनरीक्षण की घोषित तिथियों में किया संशोधन : 31 दिसंबर की जगह 6 जनवरी को जारी होगी ड्राफ्ट लिस्ट, 6 मार्च को जारी होगो अंतिम सूची।
4. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नए साल में प्रवेश से पहले प्रदेशवासियों के नाम लिखा पत्र : कहा– 2026 में कम्प्यूटर औऱ एआई के बारे में जागरुक करने का संकल्प लें युवा।

और

5. प्रदेश में कड़ाके की ठंड से जनजीवन हुआ प्रभावित : मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों में राज्य के अधिकांश ज़िलों के लिए जारी किया घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कल अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम का

उद्‌घाटन करेंगे। इस उत्सव के लिए रामनगरी को भव्य रूप से सजाया गया है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चम्पत राय ने बताया कि इस मौके पर कल दिन भर धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। ज़िलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने बताया कि श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के मद्देनज़र सुरक्षा के व्यापक इंतज़ाम किए गए हैं।

बाइट.....

*प्राण प्रतिष्ठा इसका मुख्य कार्यक्रम जो 31 दिसंबर को है, उसमें माननीय रक्षा मंत्री जी और साथ ही साथ माननीय मुख्यमंत्री जी आएंगे। उनके द्वारा मंदिर में पूजा और दर्शन किया जाएगा। साथ ही साथ एक छोटा सा कार्यक्रम मंदिर में अंगद टीला पर आयोजित किया जाएगा जहां पर दोनों ही महानुभाव लोगों को संबोधित करें। श्रद्धालु और पर्यटक बड़ी संख्या में अयोध्या धाम आ रहे हैं। हम लोगों ने पुख्ता इंतजामात किए हैं क्राउड मैनेजमेंट को लेकर के ट्रैफिक मूवमेंट को लेकर के ताकि जो भी श्रद्धालु आ रहे हैं, उन्हें कोई समस्या ना हो और समय से उनका दर्शन हो जाए।*

————————————

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि संसद ने वर्तमान आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए और मनरेगा योजना की कमियों को दूर करने के लिए विकसित भारत– जी राम जी विधेयक पारित किया है। वे आज भोपाल में एक संवाददाता सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे। श्री चौहान ने कहा कि विकसित भारत–जी राम जी योजना को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्रधानमंत्री की गति शक्ति पहल से जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि इस मिशन में बेरोजगारी भत्ता के लिए स्पष्ट प्रावधान

शामिल है और अधिनियम के तहत आवश्यक वित्तीय व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। बाइट.....

*आगामी वित्तीय वर्ष में जो प्रस्तावित बजट प्रावधान है वो भी एक लाख 51 हजार दो सौ 82 करोड़ रुपए किया गया, पिछले साल 88 हजार करोड़ था केवल। जब सौ से सवा सौ दिन मजदूरी करनी है, तो उसके लिए वित्तीय प्रावधान आवश्यक है, जो किए जा रहे हैं। केन्द्र का अपना हिस्सा बढ़ के अकेले 95 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा होगा।*

————————————

भारत निर्वाचन आयोग ने अर्हता तिथि 01 जनवरी, 2026 के आधार पर प्रदेश में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण की घोषित तिथियों में संशोधन करते हुए नई तिथियां जारी कर दी है। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवदीप रिणवा ने बताया कि अब मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन 06 जनवरी, 2026 को किया जाएगा। दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 06 जनवरी से 06 फरवरी, 2026 तक निर्धारित की गई है। 06 जनवरी से 27 फरवरी 2026 तक नोटिस चरण, गणना प्रपत्रों पर निर्णय और दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। उत्तर प्रदेश की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 06 मार्च, 2026 को किया जाएगा।

————————————

भारत की विकास यात्रा में वर्ष 2025 एक निर्णायक कालखंड है। इस वर्ष कल्याणकारी नीतियों ने प्रगति का

जन्म दिया और मजबूत इरादों ने सार्थक परिणाम दिए। विशेष श्रृंखला 'सुधारों का वर्ष' में आज प्रस्तुत है 2025 में सांस्कृतिक क्षेत्र में भारत की प्रगति.....

*यह वर्ष देश के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक परिदृश्य में ऐतिहासिक रहा। अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण पूर्ण हुआ और नवंबर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंदिर के शिखर पर भगवा धर्मध्वजा फहराई। दीपावली को यूनेस्को की मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल किया गया। प्रयागराज महाकुंभ में 66 करोड़ से अधिक तीर्थयात्रियों की भागीदारी से वैश्विक धार्मिक सभा का कीर्तिमान बना। राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर एक वर्षव्यापी उत्सव शुरू हुआ, जिसमें करीब 1.6 करोड़ से अधिक नागरिकों ने अपनी प्रस्तुतियां रिकॉर्ड कीं।*

*बाइट...... प्रधानमंत्री*

*वन्दे मातरम् का मूल भाव है, भारत, माँ भारती। हमें इस सदी को भारत की सदी बनाना है। ये सामर्थ्य भारत के एक सौ चालीस करोड़ लोगों में है। हमें इसके लिए खुद पर विश्वास करना होगा।)*

*समाचार कक्ष से आदर्श और रोहन से साथ, सकलेन अख्तर, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।*

———————————

## ब क

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नए साल में प्रवेश से पहले प्रदेशवासियों के नाम पत्र लिखकर 2025 की उपलब्धियां और आने वाले वर्ष 2026 की योजनाएं साझा की हैं। पेश है एक रिपोर्ट.....

*मुख्यमंत्री ने अपने पत्र में कहा है कि वर्ष 2025 में उत्तर प्रदेश दम तकनीक, एआई और डेटा नवाचार की दिशा में नए कीर्तिमान हासिल किए। प्रदेश के 9 शहरों में सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क स्थापित किए गए हैं और एआई प्रज्ञा पहल के माध्यम से 10 लाख नागरिकों को एआई प्रशिक्षण दिया जा रहा है। श्री योगी ने आगे लिखा कि सुशासन के ज़रिए उत्तर प्रदेश अब एक सशक्त ब्रांड के रूप में उभर रहा है और अब निवेशकों के विश्वास का केंद्र बन गया है। भविष्य की योजनाओं के तहत लखनऊ और नोएडा में एआई सिटी बसाने की तैयारी है। स्वदेशी डेटा पर केंद्रित डेटा सेंटर नीति सफल हो रही है, जिसके तहत डेटा सेंटर क्षेत्र में 30 हजार करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने प्रदेश के युवाओं से आह्वान किया कि 2026 में वे कंप्यूटर और एआई के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास करेंगे। समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।*

————————

प्रदेश भर में नए साल के मौके पर होने वाले आयोजनों के मद्देनज़र सुरक्षा और पर्यटन से जुड़े कई कदम उठाए जा रहे हैं। लखनऊ में नए साल को लेकर पुलिस हाई अलर्ट पर है। प्रमुख चौराहों, बाजारों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में लगातार गश्त करने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस उपायुक्त मध्य विक्रांत वीर ने बताया

कि नए साल का जश्न शांतिपूर्ण माहौल में मनाया जाए, इसके लिए हरसंभव कदम उठाए जाएंगे। बाइट......

*31 तारीख और 1 तारीख को देखते हुए पूरे जोन में अभी अलर्ट पर रख दिया गया है पूरी फोर्स को। भीड़–भाड़ वाली सारी जगह हैं। वहां पर हम लोग चेकिंग कर रहे हैं। इसके साथ ही साथ शॉप्स पर, मॉल्स पर, पार्किंग एरियाज पर वहां पर चेकिंग की जा रही है। साथ ही साथ 31 तारीख और 1 तारीख के लिए अब पूरा पुलिस का बंदोबस्त की ड्यूटियां तैयार कर ली गई हैं। सिविल पुलिस के साथ पीएससी की भी का बल रहेगा। ड्रोन कैमरे के साथ सीसीटीवी कैमरे के साथ अब पूरी निगरानी की जाएगी। ट्रैफिक के लिए डायवर्जन प्लान भी बना लिया गया है।*

इसी क्रम में उत्तर प्रदेश मेट्रो कॉरपोरेशन ने यात्रियों की सुविधा के लिये लखनऊ मेट्रो का संचालन 31 दिसम्बर को रात साढ़े 12 बजे तक करने का निर्णय लिया है।

———————

प्रयागराज में संगम तट पर 3 जनवरी से शुरू हो रहे माघ मेले को लेकर उत्तर प्रदेश परिवहन निगम भी खास तैयारी कर रही है। विभिन्न जनपदों से संगमनगरी के लिए विशेष बसों का संचालन किया जाएगा। जौनपुर से प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए अलग–अलग क्षेत्रों से कुल 200 बसों का तीन चरणों में संचालन किया जाएगा। जौनपुर डिपो इंचार्ज वी.के. सिंह ने बताया कि माघ मेले के दौरान जौनपुर डिपो से प्रयागराज के लिए हर 10 मिनट पर बसें रवाना की जाएंगी जिससे श्रद्धालु सुगमता के साथ प्रयागराज पहुंच सकें।

———————

आज भीम यानी भारत इंटरफेस फॉर मनी ऐप की 9वीं वर्षगांठ है। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम के भीम एप की वर्ष 2016 में इसी दिन शुरूआत हुई थी।

---

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत गेहूं, जौ, चना, मटर, सरसो, मसूर, आलू आदि रबी फसलों क लिए बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर निर्धारित की गया है। प्रदेश कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने  किसानों से जल्द से जल्द आवेदन करने की अपील की है। किसान ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

---

प्रदेश में ठंड और घने कोहरे का प्रकोप जारी है। कोहरे के कारण हवाई और रेल सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। कई ट्रेनें देरी से चल रही हैं और उड़ानें भी रद्द की गई हैं। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों के लिए राज्य के अधिकांश हिस्सों में घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं पूर्वी जनपदों में शीतलहर को लेकर भी चेतावनी जारी की गई है। विभाग ने एक जनवरी को पश्चिमी जिलों में कहीं—कहीं पर हल्की बारिश की संभावना भी जताई है।

(समाप्त)